# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

(Fourteenth Session )

Questions For Oral Answer

## Friday 31st March, 2017/10 Chaitra, 1939 (Saka)

----

[Chief Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Industries Minister - Excise & Taxation Minister and Rural Development & Panchayati Raj Minister ].

Total No. of Questions - 31

----

### ITI Bangana

*4057 Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that ITI has been functioning at Bangana in Kutlehar Assembly Constituency;

(b) if so, how many trades training is being imparted; and

(c) whether the Government is proposing to introduce new trades like Draughtsman (Civil), Cosmetology-Hair & Skin Care and Fashion Technology and Designing in this institute; if yes, by when?

----

### 14वां वित्त आयोग

*4058 **श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वित्तीय वर्ष 2016-2017 के दौरान दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक भारत के 14वें वित्त

आयोग द्वारा प्रदेश की पंचायतों में विभिन्न विकास योजनाओं हेतु कितनी-कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा विकास खण्डशः व विकास खण्ड देहरा, प्रागपुर व नगरोटा सूरियां का पंचायतशः दें;

(ख) इस राशि को व्यय करने के लिए क्या भारत सरकार या वित्त आयोग द्वारा कोई नियम-शर्तें निर्धारित की गई हैं; यदि हां, तो इसकी प्रतिलिपि सभा पटल पर रखें;

(ग) यह भी सत्य है कि प्रदेश सरकार/विभाग द्वारा अपने स्तर पर अलग से नियम/शर्तें निर्धारित की गई हैं; यदि हां, तो प्रतिलिपि सभा पटल पर रखें; और

(घ) इस वित्तीय वर्ष हेतु वित्त आयोग द्वारा पंचायतों को उपलब्ध करवाई गई धनराशि क्या व्यय कर ली गई है; ब्यौरा दें?

----

## बसों का आबंटन

***4059 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में हिमाचल पथ परिवहन निगम डिपो सरकाघाट को कितनी बसें आबंटित की गईं हैं; और

(ख) वर्तमान में इस डिपो में कितनी बसें हैं और इनमें से कितनी ऐसी हैं जो निर्धारित दूरी (mileage) तय कर चुकी हैं; ब्यौरा दें?

----

## मुख्य मंत्री आदर्श कृषि ग्राम योजना

***4060 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री विजय अग्निहोत्री(नदौन) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में मुख्य मंत्री आदर्श कृषि ग्राम योजना लागू की गई है; यदि हां, तो इसकी प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) गत तीन वर्षों में इस योजना के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ग) गत तीन वर्षों में इस योजना के अन्तर्गत कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कौन-कौन से गांव लिए गए और कितने चयनित विकास कार्य पूर्ण किए गए और कितने अधूरे पड़े हैं; ब्यौरा दें?

----

## Water Taxi

***4061 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is fact that department of Transport has any proposal to run water taxis i.e. boats in various water bodies of the State;

(b) If yes, what is the proposal; and

(c) whether the department will run water taxis in Chamera-I lake also?

----

## मुख्य मन्त्री राहत कोष

***4062 श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**
**डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 दिसम्बर, 2016 तक मुख्य मन्त्री राहत कोष के अन्तर्गत किस-किस संस्था या व्यक्ति से कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई; और

(ख) इस राहत कोष से किस-किस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को कितनी-कितनी धनराशि आबंटित की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

----

## दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना

***4063 श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (DDUGJY) कब से प्रारम्भ की गई; दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इस योजना के अन्तर्गत कितनी योजनाओं को शामिल करने के प्रस्ताव विभिन्न विद्युत मण्डलों एवं अन्य स्तरों से प्राप्त हुए हैं; ब्यौरा कार्यवार/ योजनावार सभा पटल पर रखें;

(ख) प्रदेश को कितनी धनराशि इस योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार से प्राप्त हो चुकी है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस योजना के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों की निविदाएं क्यों नहीं की जा रही हैं; यदि निविदाएं हुई हैं, तो उनकी N.I.T./दरें जो कम्पनियों ने दी हैं; उनकी प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## बागमन-बनेठी-राजगढ़-चन्दोल सड़क

***4064 श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में बागमन-बनेठी-राजगढ़-चन्दोल (BBRC) सड़क तथा PMGSY के अन्तर्गत निर्मित शाडिया-बजोग सड़क पर टारिंग (Tarring) का कार्य किया गया है; यदि हां, तो कब; और

(ख) यह भी सत्य है कि यह टारिंग पूरी तरह से उखड़ गई है; यदि हां, तो जिस ठेकेदार द्वारा यह कार्य किया गया उसके विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## कार्यों हेतु भूमि उपलब्ध करवाना

***4065 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ने अधिसूचना जारी कर प्रदेश में पंचायतों के अन्तर्गत मनरेगा व अन्य मदों से किए जा रहे विकास कार्यों हेतु Gift Deed के माध्यम से पहले भूमि उपलब्ध करवाना अनिवार्य किया है, जिससे सभी विकास कार्य रूक गए हैं; और

(ख) सरकार क्या इस अधिसूचना को रद्द कर Gift Deed की बजाए साधारण N.O.C लेकर भूमि उपलब्ध करवाना अनिवार्य करने पर विचार करेगी?

----

## डिपो/सब-डिपो की स्थापना

***4066 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत चार वर्षों में प्रदेश में कितने राशन के डिपो/सब-डिपो खोले गए; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) यह सत्य है कि चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत धर्मशाल महन्ता खास की पंचायत व सहकारी सभा द्वारा सब-डिपो खोलने का प्रस्ताव दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## गेहूं का बीज

***4067 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश में कितने टन गेहूं का बीज किसानों को वितरित किया गया;

(ख) यह बीज किस-किस फर्म से खरीदा गया तथा यह प्रति क्विंटल किस दर से आवंटित किया गया;

(ग) यह सत्य है कि सरकार को किसानों से घटिया बीज आपूर्ति की शिकायतें प्राप्त हुईं हैं; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई?

----

## बसों की समय-सारिणी

***4068 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) शिमला नगर निगम क्षेत्र में पथ परिवहन निगम तथा निजी बस ऑप्रेटर्स द्वारा कितनी बसें दैनिक चलाई जा रही हैं; ब्यौरा संख्यावार अलग-अलग दें;

(ख) इन बसों के चलने की क्या कोई समय-सारिणी बनाई गई है; यदि हां, तो कब बनाई गई; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) नगर निगम के क्षेत्र में वृद्धि होने के पश्चात क्या नई समय-सारिणी बनाई गई है; यदि हां, तो कब?

----

## कृषि उपज विपणन समिति से आय

***4069 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत चार वर्षों में कृषि उपज विपणन समिति कुल्लू एवं लाहौल-स्पिति को कितनी आय हुई है; और

(ख) आनी में नई सब्जी मण्डी के निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## लिंग अनुपात

***4070 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में जनसंख्या के आधार पर लिंग अनुपात क्या है; ब्यौरा जिलाशः दें?

----

## Supply of LPG

***4071 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) what are the norms distance-wise and population-wise for the distribution/delivery of domestic LPG supply in the State;

(b) whether it is a fact that the dates for the delivery are fixed or the supply is given arbitrarily as per the convenience of the distributor;

(c) how many delivery points of distributors of different companies are there in Nalagarh Assembly Constituency; the details name-wise be given; and

(d) whether the delivery points will be increased in view of the genuine demand of the beneficiaries and the delivery dates be fixed and adhered to in the larger public interest?

----

## स्वीकृत धनराशि

***4072 श्रीमती सरवीन चौधरी(शाहपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय उच्च पाठशाला प्रेई तथा केटलू और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनेई, प्रमोड हेतु राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई;

(ख) इन पाठशालाओं के शिलान्यास व उद्घाटन किसके द्वारा किए गए; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रैत की पाठशालाओं में शौचालय के निर्माण हेतु धनराशि किस मद से दी गई; ब्यौरा दें?

----

## बी0आर0जी0एफ0 योजना

***4073 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्ष 2013-14 व 2014-15 में जिला सिरमौर व चम्बा में प्रदेश के पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF) योजना के अन्तर्गत कितने कर्मचारियों को रोजगार दिया गया;

(ख) सरकार ने क्या Out Source के माध्यम से भी कर्मचारी नियुक्त किए थे; यदि हां, तो कितने; ब्यौरा दें;

(ग) पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि बन्द होने के उपरान्त इन कर्मचारियों को कहां-कहां लगाया गया है; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार क्या Out Source कर्मचारियों के लिए कोई Policy बनाने का विचार रखती है?

----

## जे0सी0बी0 उपयोग हेतु अनुमति

***4074 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के किसानों को अपनी निजी भूमि समतल करने हेतु JCB के उपयोग बारे क्या उद्योग विभाग के माईनिंग विंग या सम्बन्धित SDM से अनुमति लेने की आवश्यकता होती है; ब्यौरा दें?

----

## पाठशालाओं में रिक्तियां

***4075 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## पुल का निर्माण

***4076 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या पिछड़ी पंचायत लाहड़ू से सुजानपुर तक फुट ब्रिज बनाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक फुट ब्रिज का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा?

----

## एस0एम0सी0 के माध्यम से नियुक्तियां

***4077 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न पाठशालाओं में SMC के माध्यम से भिन्न-भिन्न विषयों के कितने अध्यापक रखे गए; ब्यौरा पाठशाला के नाम, विषय व अध्यापक के नाम पते सहित दें; और

(ख) इनकी नियुक्तियों के लिए क्या सरकार ने मापदण्ड निर्धारित किए हैं; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## पंचायतों का विवरण

***4078 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र देहरा के अंतर्गत कितनी पंचायतें हैं; ब्यौरा विकास खण्डवार दें; और

(ख) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इन विकास खण्डों में विकास हेतु कितनी-कितनी धनराशि अनस्पेंट पड़ी है; ब्यौरा मदवार तथा कार्यवार दें?

----

## पाठशालाएं बन्द करना

***4079 श्री विनोद कुमार(नाचन) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**
**श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने उन पाठशालाओं को बन्द करने का निर्णय लिया है

जिन पाठशालाओं में छात्रों की संख्या दस से कम है; ब्यौरा दें; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा अब तक ऐसी कितनी पाठशालाएं बन्द कर दी गई हैं; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## विकास दर

***4080 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 के अनुसार प्रदेश में विकास दर घटी है; आय और व्यय में भारी अन्तर आया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या कारण हैं और सरकार द्वारा मितव्ययता हेतु कौन से पग उठाए जा रहे हैं?

----

## श्रमिकों की मज़दूरी

***4081 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में निजी क्षेत्र में अकुशल (unskilled) मज़दूरों की मज़दूरी मु0 300/-रूपये और कुशल (skilled) कारीगरों की मज़दूरी मु0 600/-रूपये से अधिक है;

(ख) यदि हां, तो सरकार पंचायतों में करवाए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए अकुशल व कुशल श्रमिकों को क्या दिहाड़ी/मज़दूरी दे रही है;

(ग) यह भी सत्य है कि पंचायतों में कुशल कारीगरों को भुगतान करने हेतु निर्माण कार्यों में उनके ज्यादा दिन दिखाकर मस्टरोल भरने पड़ रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इसके दृष्टिगत वास्तविक प्रचलित मज़दूरी निर्धारित करने पर विचार करेगी?

----

## काला-अम्ब से पांवटा सड़क

***4082 डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में काला-अम्ब-पांवटा सड़क (राष्ट्रीय उच्च मार्ग-7) पर मैटलिंग-टारिंग व अन्य कार्य हेतु कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में खजुरना पुल से कटासन माता मन्दिर तक इन वर्षों में कितनी बार पैच वर्क/टारिंग का कार्य किया गया व कितनी धनराशि इस पर व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ग) इस सड़क को दुरूस्त करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(घ) इस राष्ट्रीय उच्च-मार्ग पर खजुरना पुल से लेकर कटासन माता मन्दिर तक कितने पुलों के निर्माण की स्वीकृति दी गई और कितने पर कार्य प्रारम्भ कर दिया है; ब्यौरा दें?

----

## न्यायालय पीठ की स्थापना

***4083 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश सरकार धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश उच्च-न्यायालय की न्यायालय पीठ की स्थापना करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो कारण?

----

## विद्युत आपूर्ति

***4084 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि जिला ऊना के अलग-अलग नगर परिषदों एवं शहरों में विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से उपलब्ध करवाने हेतु कोई योजना बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना के अन्तर्गत किस-किस शहर में कार्य किये जाएंगे; ब्यौरा दें?

----

## सब-स्टेशन की स्थापना

***4085 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) चौपाल तहसील के लास्टाधार में 66 के.वी.का विद्युत सब-स्टेशन बनाया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसकी निविदाएं कर दी गई हैं तथा यह कार्य किसे आबंटित किया गया; उपरोक्त सब-स्टेशन का निर्माण कार्य कितने समय में पूर्ण किया जाएगा; और

(ग) इस कार्य हेतु ठेकेदार को कोई अग्रिम धनराशि दी गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## चूना पत्थर की खान

***4086 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला सिरमौर की माईनर स्टोन माईन का नवीकरण नहीं किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक इनका नवीकरण करने का विचार रखती है?

----

## यूनिवर्सिटी की अद्यतन स्थिति

***4087 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तारागढ़ और ककीरा-जरई के बीच भडेला गांव में जो मल्टीपर्पज यूनिवर्सिटी बन रही थी; उसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 15 मार्च, 2017.** **सचिव।**